# बिजली विभाग के खिलाफ किसानों का आंदोलन तेज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** सीहोर जिले के ग्राम बडवेली में खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन से करंट लगने के बाद गंभीर रूप से घायल किसान सतीश मेवाड़ा का हाथ काटना पड़ा। घटना के बाद किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता गया और अब यह मामला जिले से निकलकर भोपाल तक पहुंच गया है। किसान पीड़ित को 25 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से 11 केवी लाइन के तार खेतों के ऊपर झूल रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग ने इन्हें ठीक नहीं कराया। किसानों का दावा है कि इसी लापरवाही के कारण अब तक पांच किसान करंट की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें तीन की मौत हो गई, जबकि दो किसानों को अपने हाथ गंवाने पड़े। उनका कहना है कि विभाग की अनदेखी लगातार हादसों का कारण बन रही है।

समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने दो बार कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री कार्यालय के बाहर भी प्रदर्शन कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। किसानों का आरोप है कि हर बार केवल आश्वासन मिला, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

जिला स्तर पर समाधान नहीं मिलने पर किसानों का प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचा और मुख्यमंत्री निवास में शिकायत दर्ज कराई। किसानों का दावा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए, लेकिन उसके बाद भी स्थिति नहीं बदली। इसके बाद करीब 25 गांवों के सैकड़ों किसान भोपाल में ऊर्जा मंत्री के बंगले पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसानों के अनुसार ऊर्जा मंत्री ने बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक को कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन विभागीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

किसानों ने सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर से भी मुलाकात कर पीड़ित किसान को 25 लाख रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग रखी। किसानों का कहना है कि मंत्री ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, लेकिन अभी तक कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई है।

बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज किसानों ने भोपाल के गोविंदपुरा स्थित बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि अब यह आंदोलन केवल बडवेली गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के कई गांवों के किसान भी इससे जुड़ चुके हैं। यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और व्यापक किया जाएगा।

किसानों का कहना है कि मामले की जांच में विद्युत निरीक्षक की रिपोर्ट में संबंधित वितरण केंद्र और अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है तथा कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई है। इसी बीच मीडिया में मामला प्रमुखता से आने के बाद मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक से 31 जुलाई तक जांच प्रतिवेदन तलब किया है। वहीं मध्यप्रदेश महिला आयोग ने भी राजस्व आयुक्त को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक पीड़ित किसान को न्याय नहीं मिलता और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। उनका कहना है कि जरूरत पड़ने पर भोपाल में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा तथा इस मुद्दे को विधानसभा और संसद में भी उठाने की मांग की जाएगी। बिजली विभाग की लापरवाही से किसानों की जान-माल को हो रहे नुकसान को देखते हुए अब सभी की नजर सरकार और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है।

## खास-खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर दी पुष्पांजलि



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे आजाद ही थे और हम आजाद ही रहेंगे। गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, नगर मंडल सीहोर ने पीजी कॉलेज परिसर में स्थित अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष उनकी जयंती मनाई और आजाद के बताए हुए मार्ग पर चलने की शपथ ग्रहण कर स्वच्छता अभियान चलाया और जामुन, नीम, बदाम, आम अमरूद के पौधो का रोपण किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, युवा भाजपा नेता रिंकू राजकुमार जायसवाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह पाटीदार ,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा की सफाई की गई ।कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को याद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं युवाओं ने कहा कि हम सभी युवाओं के लिए क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम प्रमुख रूप से हर्षित मेवाड़ा, अक्षय चौहान, विजय यादव अनुराग मिश्रा प्रणय शर्मा हास ताम्रकार समीर नानू सेन दीपांशु राठौर एल्डरमैन तुषार सोनी छोटा प्रिंस राठौर सत्यम राठौर प्रवेश राठौर नितेश राठौर आयुष तोमर, मोंटी राठौर, विशाल पाटीदार, सत्यम सोनी, हर्ष राजपूत सुयश कुशवाहा ,योगेश राय आदि शामिल रहे।

### जिले में दो माह के लिए धारा-163 लागू-बिना अनुमति रैली, धरना, जुलूस और पुतला दहन पर प्रतिबंध

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले में कानून-व्यवस्था, लोकशांति और जनसुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। ये आदेश अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट अनिल कुमार डामोर द्वारा पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रस्ताव के आधार पर पारित किया गया है। आदेशानुसार जिले में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा बिना सक्षम अनुमति के रैली, धरना-प्रदर्शन, जुलूस, पुतला दहन एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है तथा कानून-व्यवस्था, जनधन की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। आगामी सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों तथा पर्व-त्योहारों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह प्रतिबंध पारिवारिक आयोजनों, विवाह समारोहों की बारात तथा शवयात्राओं पर लागू नहीं होगा।

### चार घंटे की बारिश से खरीफ फसलों को मिली राहत, किसानों के चेहरे खिले



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** लंबे इंतजार के बाद हुई करीब चार घंटे की झमाझम बारिश ने भैरूंदा क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत दी है। बारिश से सूखने की कगार पर पहुंच चुकी सोयाबीन और मक्का की फसलों में फिर से हरियाली लौट आई है। खेतों में नमी आने के बाद किसानों ने खाद और दवाइयों का छिड़काव भी शुरू कर दिया है। लगातार बारिश नहीं होने से खरीफ फसलें प्रभावित हो रही थीं और कई किसानों को दोबारा बुवाई की चिंता सताने लगी थी। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय हुई अच्छी वर्षा फसलों की बढ़वार के लिए लाभदायक है और इससे उत्पादन बेहतर होने की संभावना बढ़ गई है।

### मंदसौर की डॉ. खुशबू सिसोदिया मध्यप्रदेश में क्रीड़ा अधिकारी नियुक्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** खेल और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंदसौर की डॉ. खुशबू सिसोदिया का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के माध्यम से क्रीड़ा अधिकारी के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर जिले में हर्ष का वातावरण है। डॉ. खुशबू सिसोदिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, मंदसौर से प्राप्त की। छात्र जीवन से ही उनकी रुचि खेलों, विशेषकर हॉकी, की ओर रही। उन्होंने छठी कक्षा से हॉकी खेलना शुरू किया और विद्यालय की क्रीड़ा कप्तान के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान उन्होंने स्कूल गेम्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

### कुबेरेश्वरधाम पर गुरु महोत्सव आज से एक दिन पहले ही पंडाल हाउस-फुल

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में पांच दिवसीय गुरु महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से आयोजित होगा। महोत्सव को लेकर देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। आयोजन शुरू होने से एक दिन पहले ही कथा पंडाल श्रद्धालुओं से हाउसफुल हो गया, जबकि आसपास की होटल, धर्मशालाएं एवं ठहरने के अधिकांश स्थान भी पूरी तरह भर चुके हैं। आयोजन को व्यवस्थित किए जाने के लिए जिला प्रशासन और विठलेश सेवा समिति ने भोजन, चिकित्सा, पार्किंग, कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की व्यवस्था की है। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, समिति के पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरु महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार से 28 जुलाई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा, जबकि 29 जुलाई को एक दिवसीय गुरु दीक्षा महोत्सव आयोजित होगा। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को देखते हुए समिति एवं प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए लगभग 1 लाख 80 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में निर्मित स्थायी कथा पंडाल में शिव महापुराण श्रवण की व्यवस्था की गई है।

## कलेक्टर के निर्देशानुसार हाट-बाजार के हरेक छोटे व्यवसायी को मिलेगा मुद्रा लोन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एक अभिनव पहल की है। उनके निर्देश पर जिले के सभी साप्ताहिक हाट-बाजारों में लघु व्यवसाय करने वाले प्रत्येक पात्र व्यवसायी को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत बैंक ऋण उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। प्रशासन, बैंकिंग संस्थान एवं संबंधित विभागों के समन्वय से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र ऋण स्वीकृत कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के पात्र नागरिकों को व्यवसाय की आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम 50 हजार रुपये से लेकर अधिकतम 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना के माध्यम से नए व्यवसाय प्रारंभ करने के साथ-साथ पहले से संचालित व्यवसाय को भी आधुनिक स्वरूप देने और विस्तार करने में सहायता मिलेगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के प्रत्येक हाट-बाजार का सर्वे कर छोटे व्यापारियों, फेरीवालों, सब्जी एवं फल विक्रेताओं, किराना, कपड़ा, घरेलू उपयोग की वस्तुओं, हस्तशिल्प एवं अन्य लघु व्यवसाय करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों का पंजीयन किया जाए। इसके बाद बैंकवार सूची तैयार कर उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

## 230 घरों में हुआ डेंगू लार्वा सर्वे, 6 घरों में मिला लार्वा

**विदिशा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विदिशा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 230 घरों में डेंगू लार्वा सर्वे किया गया, जिनमें से 6 घरों में एडीज मच्छर का लार्वा पाया गया। स्वास्थ्य अमले ने लार्वा को नष्ट कराया तथा संबंधित परिवारों को डेंगू से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपता है। इसलिए नागरिक अपने घर में रखे कूलर, पानी की टंकी, गमले, फ्रिज की ट्रे, टायर, बाल्टी एवं अन्य जल पात्रों की प्रति सप्ताह जाँच एवं सफाई अवश्य करें। जिन बड़े जल पात्रों को नियमित रूप से खाली करना या ढंकना संभव नहीं है, उनमें सप्ताह में एक बार मीठा तेल डालने की सलाह दी गई, ताकि मच्छरों के लार्वा विकसित न हो सकें। जिला चिकित्सालय विदिशा एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में डेंगू की एलाइजा जांच नि:शुल्क उपलब्ध है।

## जगन्नाथ पुरी वैराग्य, सेवा और समर्पण की जीवंत पाठशाला : श्री महंत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में आयोजित श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के सातवें दिन कथा व्यास नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ का महाप्रसाद, चंदन और प्रसादी भक्त के जीवन को पवित्र बनाते हैं। उन्होंने कहा कि महाप्रभु के परम भक्त रघुनाथ दास का जीवन त्याग, सेवा और समर्पण का संदेश देता है तथा ईश्वर की कृपा पाने के लिए धन नहीं, बल्कि भक्ति और समर्पण आवश्यक है।

कथा के दौरान श्री महंत ने कहा कि भगवान को अर्पित होने के बाद कोई भी वस्तु साधारण नहीं रहती। श्रीजगन्नाथ का महाप्रसाद स्वयं भगवान का दिव्य स्वरूप है, इसलिए उसे केवल भोजन नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा मानकर ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद, चंदन, पुष्पमाला और भगवान के प्रसादी वस्त्र धारण करने से व्यक्ति सांसारिक मोह-माया पर विजय प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने स्कंद पुराण का प्रसंग सुनाते हुए सूर्यवंशी राजा इंद्रद्युम्न की भगवान जगन्नाथ के दर्शन की कथा का वर्णन किया। साथ ही कहा कि जगन्नाथ पुरी केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि वैराग्य, सेवा और समर्पण की जीवंत पाठशाला है। रघुनाथ दास ने राजसी सुख-सुविधाओं का त्याग कर श्रीचैतन्य महाप्रभु की शरण ग्रहण की और भगवान की सेवा को ही अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।

श्री महंत ने कहा कि सच्चा भक्त भगवान से भोग नहीं, बल्कि सेवा का अवसर मांगता है। जब मनुष्य का मन सेवा, साधना और नाम-स्मरण में लग जाता है, तभी जीवन में शांति, संतोष और ईश्वर की कृपा का अनुभव होता है। कथा में मूडरीधाम के महंत परशुराम दास महाराज, आचार्य पंडित केशव शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पशु चिकित्सकों को एबीसी सर्जरी की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु सर्जरी, चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सर्जरी विषय पर तीन दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। 21 से 23 जुलाई तक आयोजित प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 10 पशु चिकित्सकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य मैदानी स्तर पर कार्यरत पशु चिकित्सकों को आधुनिक शल्य तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने ओवेरियोहिस्टेरेक्टॉमी, कैस्ट्रेशन सहित सिजेरियन सेक्शन, पायोमेट्रा, स्क्रोटल एब्लेशन और ट्यूमर निष्कासन जैसी प्रक्रियाओं सहित कुल 10 सफल सर्जरियां कीं। विशेषज्ञों ने बताया कि नव पशुओं में समय पर कैस्ट्रेशन करने से पेरिनियल हर्निया एवं प्रोस्टेट संबंधी समस्याओं की आशंका कम हो जाती है।

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. गिरधारी दास ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण मैदानी स्तर पर कार्यरत पशु चिकित्सकों की सर्जिकल दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रणधीर सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतिभागियों को आधुनिक शल्य तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। प्रशिक्षण में डॉ. अपरा शाही, डॉ. बबीता दास, डॉ. अपूर्वा मिश्रा सहित अन्य संकाय सदस्यों ने सहयोग दिया। अंत में डॉ. बबीता दास ने अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## विद्युत मंडल साख संस्था चुनाव में पशुपतिनाथ पैनल ने 11 में से 10 सीटों पर जीता

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी परस्पर साख संस्था के संचालक मंडल के चुनाव में पशुपतिनाथ पैनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। 22 जुलाई को संपन्न हुए चुनाव में दो प्रमुख पैनलों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें पशुपतिनाथ पैनल को कर्मचारियों का व्यापक समर्थन मिला। चुनाव परिणाम में पशुपतिनाथ पैनल के जगदीश सेठिया, दीपक गुजराती, नरेंद्र पाटीदार, घनश्याम कमलवा, सुनील सिंह, शुभम मिश्रा, संदीप शक्तावत, दिलीप धाकड़, श्रीमती मनीषा गवाला और श्रीमती नेहा पूरी संचालक निर्वाचित हुए। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पिछले दो कार्यकाल से विरोधी पैनल निर्विरोध चुना जाता रहा था। इस बार चुनावी मुकाबले में समीकरण बदल गए और विरोधी पैनल केवल एक सीट जीतने में सफल रहा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विद्युत मंडल के कर्मचारियों और समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा।

## 77.4 लीटर अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, मारुति वैन जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भैरूंदा पुलिस ने 77.4 लीटर अवैध शराब से भरी एक मारुति वैन जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब और वाहन सहित कुल 2.33 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेहटी की ओर से एक मारुति वैन में अवैध शराब भैरूंदा लाई जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम अकावलिया और राला के बीच पुलिया के पास घेराबंदी की। संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी लेने पर उसमें से छह पेटी देशी शराब (54 लीटर) और तीन पेटी बीयर (23.4 लीटर) बरामद हुई। आरोपियों के पास शराब परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने तूफान सिंह तोमर (39) निवासी ग्राम देलावाड़ी, थाना रेहटी तथा करण उर्फ करन धुर्वे (20) निवासी ग्राम गुराड़िया कला, थाना माखननगर, जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के निर्देशन में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दीपक यादव, प्रकाश नर्रे तथा आरक्षक सचिन कालेन, सतेन्द्र, रविन्द्र मेहर, राहुल बघेल एवं साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**स्पेशल खबर** नल-जल योजना से क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराएं, लापरवाही पर एफआईआर दर्ज हो

## जिला पंचायत की बैठक में अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने दिए सख्त निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने गुरुवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्यों के दौरान ग्राम पंचायतों में खोदी गई सड़कों की मरम्मत में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने अथवा अन्य कार्यों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनकी मरम्मत निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूरी कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विभाग द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो उसके विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सभी सम्मानित सदस्यगण तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व बैठक के निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा के साथ विभिन्न विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सभी शासकीय कार्यक्रमों की सूचना संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों को समय पर दी जाए तथा उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाए, ताकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय स्थापित हो।

बैठक की शुरुआत में पिछली सामान्य सभा में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों ने चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। इसके बाद नवीन एजेंडे के विभिन्न बिंदुओं पर विभागवार समीक्षा की गई और विकास कार्यों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा पंचायत स्तर पर आ रही समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे भी उठाए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण विकास कार्यों की नियमित समीक्षा, विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा जनहित के कार्यों को गति प्रदान करना रहा।

जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बैठक में जो निर्णय लिए गए हैं उनका समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएं। उन्होंने बताया कि नये प्रवाधानो के तहत अब पेयजल संबंधी कार्य ग्राम पंचायतों के माध्यम से संपादित किए जाएंगे। पूर्व के वअधुरे ततसंबंधी कार्यों को पूर्व विभाग व एजेंसी को करना होगा।

बैठक में पेयजल व्यवस्थाओं को साथ-साथ शिक्षा स्वास्थ्य, खाद्यान्न वितरण व्यवस्थाओं के अलावा उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल 200 सीटर बालिका छात्रावास एवं दिव्यांग छात्रावास में छात्रावास संचालन हेतु निर्धारित संचालन निर्देशिका का पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल तथा राज्य बजट से संचालित बालक, बालिका छात्रावास में संचालन के निर्देश दिए गए। यह निर्देश कक्षा नवमी से 12वीं तक के लिए हैं।